www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Horizon Technologies |
| Test Date | 06/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) 5 $ 5 % 8 7 * 5 % & 8 @ 2 6 2 £ 3 8 1 & 5 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनके ठीक पहले एक संख्या है तथा ठीक बाद भी एक संख्या है?

Ans
✗ 1. 7
✗ 2. 3
✗ 3. 4
✓ 4. 2

**Q.2** वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 में निम्नलिखित में से कौन-सा महत्वपूर्ण परिवर्तन पेश किया गया?

Ans
✓ 1. वक्फ बोर्ड में कम से कम दो मुस्लिम महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य करना
✗ 2. वक्फ संपत्तियों का निजीकरण
✗ 3. वक्फ संपत्तियों को कानूनी जांच से छूट देना
✗ 4. केंद्रीय वक्फ परिषद को समाप्त करना

**Q.3** GV 14 एक निश्चित तरीके से LS 5 से संबंधित है। उसी तरह HQ 5, MN -4 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से MG 0 किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. NY -6
✓ 2. RD -9
✗ 3. BG -7
✗ 4. HR -3

**Q.4** A, B, C, D, G, H और I एक गोल मेज परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, I के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, H के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। A और G के बीच में केवल I बैठा है। C, B का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D के दाईं ओर से गिनने पर D और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ 1. दो
✗ 2. एक
✗ 3. चार
✗ 4. तीन

www.govtjobsalert.in

Q.5 एयरटेल का 2Africa Pearls 2025 अंडरसी केबल लैंडिंग सिस्टम कितना अंतर्राष्ट्रीय बैंडविड्थ जोड़ता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 200 टेराबिट प्रति सेकंड से अधिक
- ✗ 2. 500 टेराबिट प्रति सेकंड से अधिक
- ✗ 3. 50 टेराबिट प्रति सेकंड से अधिक
- ✓ 4. 100 टेराबिट प्रति सेकंड से अधिक

Q.6 एक अलमारी को ₹3,437 में बेचने पर, होने वाला लाभ, ₹3,338 में बेचने पर हुई हानि से 75% अधिक है। 50% लाभ प्राप्त करने के लिए, विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 5,062
- ✗ 2. 5,059
- ✓ 3. 5,061
- ✗ 4. 5,058

Q.7 एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसका व्यास 112 cm के बराबर है।

Ans
- ✗ 1. 36,976 $cm^2$
- ✗ 2. 37,948 $cm^2$
- ✗ 3. 38,980 $cm^2$
- ✓ 4. 39,424 $cm^2$

Q.8 सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक परमिट' योजना का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. सामान्य नागरिक विमानन लाइसेंस
- ✓ 2. अंतर-राज्यीय भाड़ा वाहनों के लिए परिवहन में सुगमता
- ✗ 3. सिंगल रोड टिकटिंग प्लेटफॉर्म सिस्टम
- ✗ 4. नगरीय पार्किंग सुविधाओं के लिए परमिट

Q.9 F, G का भाई है।
G, H की पत्नी है।
H, I का पुत्र है।
I, J की पत्नी है।
F का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पुत्र
- ✓ 2. पुत्र की पत्नी का भाई
- ✗ 3. पिता
- ✗ 4. पुत्र की पत्नी का पिता

Q.10 भारत में अधिसूचित क्षेत्र समिति का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
- ✗ 1. सैन्य और नागरिक मुद्दों के समाधान में सहायता के लिए सैन्य क्षेत्रों की देखरेख करना
- ✗ 2. बंदरगाह की गतिविधियों को संभालना और उनका सुचारू संचालन सुनिश्चित करना
- ✓ 3. नगर पालिका का दर्जा प्राप्त करने के लिए विकासशील शहरों का प्रबंधन करना
- ✗ 4. बेहतर स्थानीय स्व-शासन के लिए स्थानीय चुनावों को विनियमित करना

Q.11 मल्टीटास्किंग ऑपरेटिंग सिस्टम में, जब एक साथ कई एप्लीकेशन ओपन हों तो RAM मुख्य रूप से क्या भूमिका निभाती है?

Ans
- ✗ 1. यह प्रिंटर तक पहुंचने से पहले प्रिंटिंग टॉस्क को क्यू (queues) कर देता है।
- ✗ 2. यह कीबोर्ड या माउस जैसे एक्सटर्नल डिवाइस से यूजर के इनपुट कमांड को प्रोसेस करता है।
- ✗ 3. यह इंस्टॉल सॉफ्टवेयर के लिए परमानेंट स्टोरेज के रूप में कार्य करता है।
- ✓ 4. यह टॉस्क के बीच तेजी से स्विचिंग को एनेबल करने के लिए एक्टिव प्रोग्राम डेटा और निर्देशों को अस्थायी रूप से रखता है।

www.govtjobsalert.in

Q.12 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

www.govtjobsalert.in

# : RND :: QRX : %

Ans
✔ 1. # = PMB, % = SSZ
✘ 2. # = MRQ, % = HHN
✘ 3. # = PQC, % = YYP
✘ 4. # = MQB, % = FFT

Q.13 मान लीजिए AB और CD दो समांतर रेखाएँ हैं और PQ एक तिर्यक रेखा है जिससे PQ, AB को बिंदु R पर और CD को बिंदु S पर प्रतिच्छेद करती है। यदि $\angle BRP = (2x + 13)°$ और $\angle DSP = (3x - 22)°$ है, तो $\angle CSP$ ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 95°
✔ 2. 97°
✘ 3. 83°
✘ 4. 105°

Q.14 बंगाल विभाजन का विरोध करने और भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया स्वदेशी आंदोलन किस वर्ष शुरू हुआ?

Ans
✘ 1. 1904
✘ 2. 1907
✔ 3. 1905
✘ 4. 1906

Q.15 एमएस पावरप्वाइंट में 'Replace' फ़ंक्शन (Ctrl + H) का उपयोग करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प यूजर को केवल पूरे शब्दों को रिप्लेस करने की सुविधा देता है, शब्दों के कुछ पार्ट की नहीं?

Ans
✘ 1. Match case
✘ 2. Sounds like (English)
✔ 3. Find whole words only
✘ 4. Use wildcards

Q.16 10 प्रेक्षणों का औसत 40 है। बाद में पता चला कि एक प्रेक्षण को 43 के स्थान पर गलती से 34 पढ़ लिया गया था। सही औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 43.9
✘ 2. 41.9
✔ 3. 40.9
✘ 4. 39.9

Q.17 पीयूष अपनी कक्षा में शीर्ष से 24वें स्थान पर तथा नीचे से 55वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✘ 1. 79
✘ 2. 76
✔ 3. 78
✘ 4. 77

Q.18 कौन-सी रसोई प्रक्रिया, परासरण का उदाहरण है?

Ans
✘ 1. खाद्य पदार्थों का नाइट्रोजन से प्रधावन
✘ 2. मसालों का एक साथ पेषण
✔ 3. सांद्रित लवण विलयन में कच्चे आम डालना
✘ 4. दूध में पास्ता को उबालना

www.govtjobsalert.in

Q.19 भारत में पंचायती राज व्यवस्था के संदर्भ में ग्राम सभा क्या है?

Ans ✗ 1. राज्य प्रतिनिधियों की एक सलाहकार परिषद www.govtjobsalert.in

✗ 2. ब्लॉक स्तरीय समिति

✗ 3. शहरी क्षेत्रों के लिए न्यायिक निकाय

✓ 4. सभी पात्र ग्राम निवासियों की विचार-विमर्श सभा

Q.20 पहली 13 पूर्ण संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 7

✓ 2. 6

✗ 3. 5

✗ 4. 6.5

Q.21 भारत में 10,000 से कम और 5000 से अधिक की आबादी वाले शहर को किस प्रकार के श्रेणी के शहर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

Ans ✗ 1. श्रेणी I

✗ 2. श्रेणी VI

✗ 3. श्रेणी II

✓ 4. श्रेणी V

Q.22 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans ✗ 1. GK - IM

✗ 2. LP - NR

✗ 3. IM - KO

✓ 4. SP - QI

Q.23 किसी संख्या के 50% का 2% उस संख्या का कितना प्रतिशत होगा?

Ans ✗ 1. 52%

✗ 2. 100%

✓ 3. 1%

✗ 4. 0.1%

Q.24 एक पाइप टैंक को 9 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 90 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को खाली टैंक में एक साथ चलाया जाए, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans ✓ 1. 5

✗ 2. 6

✗ 3. 10

✗ 4. 11

Q.25 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans ✗ 1. NO - IJ

✓ 2. PK - MJ

✗ 3. FG - AB

✗ 4. JK - EF

www.govtjobsalert.in

Q.26 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

www.govtjobsalert.in

GKO 11, IMQ 13, KOS 15, MQU 17, ?

Ans
1. NQS 21
2. ORT 21
3. OSW 19 ✔
4. NTZ 19

Q.27 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। D और F जिन तलों पर रहते हैं उनका गुणनफल 10 है। C, E के ठीक ऊपर रहता है। B और D जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 11 है। A और E के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. 1 ✔
2. 2
3. 3
4. 4

Q.28 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा भूजल आधारित सिंचाई स्रोत है?

Ans
1. तालाब (Pond)
2. नदी नहर (River canal)
3. टैंक (Tank)
4. खुला कुआं (Open-well) ✔

Q.29 बहुपद $x^4 - 10x^2 + 22$ को दो द्विघात बहुपदों के गुणनफल में गुणनखंडित करें।

Ans
1. $(x^2 - 5 + \sqrt{3})(x^2 - 5 - \sqrt{3})$ ✔
2. $(x^2 - 4 + \sqrt{3})(x^2 - 4 - \sqrt{3})$
3. $(x^2 - 2 + \sqrt{3})(x^2 - 2 - \sqrt{3})$
4. $(x^2 - 3 + \sqrt{3})(x^2 - 3 - \sqrt{3})$

Q.30 भारतीय नागरिकता के संदर्भ में OCI का क्या अर्थ है?

Ans
1. Official Citizen of India (ऑफीशियल सिटीजन ऑफ इंडिया)
2. Overseas Citizen of India (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) ✔
3. Original Citizen Identity (ओरिजिनल सिटीजन आइडेंटिटी)
4. Overseas Card for Indians (ओवरसीज कार्ड फॉर इंडियंस)

Q.31 $\sqrt[6]{4096} + \sqrt[4]{50625} + \sqrt[3]{21952} + \sqrt{3364}$ को सरल कीजिए।

Ans
1. 75
2. 24
3. 55
4. 105 ✔

Q.32 जुलाई 2024 में, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) द्वारा निम्नलिखित में से किसे ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. नीरज चोपड़ा
2. मनु भाकर
3. मैरी कॉम
4. अभिनव बिंद्रा ✔

www.govtjobsalert.in

Q.33 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RWKA का संबंध TULZ से है। उसी प्रकार, VSMY का संबंध XQNX से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ZCOW का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. BMPV ✔
2. CLQU ✘
3. ALOV ✘
4. CNPW ✘

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सी, थार रेगिस्तान की आसपास की विशेषता नहीं है?

Ans
1. सिन्धु नदी का मैदान ✘
2. कच्छ का रण ✘
3. विंध्य पहाड़ियाँ ✔
4. अरावली पर्वतमाला ✘

Q.35 एक श्रेणीबद्ध फ़ाइल सिस्टम पर विचार करें। यदि कोई यूजर किसी रिकर्सिव ऑप्शन के बिना स्टैंडर्ड 'डिलीट डायरेक्टरी' कमांड का उपयोग करके एक नॉन-इंपटी डाइरेक्टरी को डिलीट करने का प्रयास करता है, तो सबसे संभावित परिणाम क्या होगा?

Ans
1. ऑपरेटिंग सिस्टम एक एरर रिटर्न करेगा जो यह इंडिकेट करेगा कि डायरेक्टरी इंपटी नहीं है। ✔
2. ऑपरेटिंग सिस्टम यूजर से डायरेक्टरी के भीतर प्रत्येक आइटम को डिलीट करने के लिए पुष्टि हेतु संकेत देगा। ✘
3. केवल डायरेक्टरी स्ट्रक्चर हटा दी जाएगी, तथा फ़ाइलें और सबडायरेक्टरी ऑर्फन हो जाएंगी। ✘
4. ऑपरेटिंग सिस्टम अपने अंदर की सभी फाइलों और सबडायरेक्टरी को ऑटोमेटिकली डिलीट कर देगा। ✘

Q.36 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। सभी संख्याएँ एकल-अंकीय संख्याएँ हैं।

(बाएं) @ $ & 7 7 @ 5 7 & & 4 1 9 3 $ 7 8 & 7 € € 1 (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
1. 2 ✔
2. 5 ✘
3. 3 ✘
4. 4 ✘

Q.37 पीएम गति शक्ति पहल का मुख्य लक्ष्य क्या है?

Ans
1. स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं को सुदृढ़ करना ✘
2. डिजिटल अवसंरचना को बढ़ाना ✘
3. परिवहन और लॉजिस्टिक्स में सुधार ✔
4. कृषि उत्पादकता में वृद्धि ✘

Q.38 उस बिंदु से एक $250\sqrt{3}$ m ऊँचे टावर के शिखर का उन्नयन कोण ज्ञात कीजिए, जिस बिंदु से इसके टावर के पाद की दूरी 250 m है।

Ans
1. $30^\circ$ ✘
2. $45^\circ$ ✘
3. $60^\circ$ ✔
4. $75^\circ$ ✘

www.govtjobsalert.in

Q.39 यदि $a^2 + b^2 = 111$, $a \times b = 27$ और $a > b$, है तो $\frac{a-b}{a+b}$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. $\sqrt{\frac{57}{165}}$
✘ 2. $\sqrt{\frac{53}{165}}$
✘ 3. $\frac{53}{165}$
✘ 4. $\frac{57}{165}$

Q.40 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1929 के लाहौर अधिवेशन की अध्यक्षता किस नेता ने की थी, जहाँ 'पूर्ण स्वराज' का प्रस्ताव पारित किया गया था?

Ans
✔ 1. जवाहरलाल नेहरू
✘ 2. सी.आर. दास
✘ 3. सुभाष चंद्र बोस
✘ 4. लाला लाजपत राय

Q.41 यदि '−' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '+' है और '+' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1568 − 16 + 4 ÷ 5 × 22 = ?

Ans
✘ 1. 492
✔ 2. 100
✘ 3. 113
✘ 4. 294

Q.42 शक राजा को पराजित करने के बाद चंद्रगुप्त द्वितीय ने किससे विवाह किया?

Ans
✘ 1. कुमाररानी
✘ 2. पारबतीदेवी
✔ 3. कुबेरनागा
✘ 4. रूपरेखा

Q.43 दिसंबर 2024 में, PM मोदी ने किस खाड़ी देश की ऐतिहासिक यात्रा की, जो 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधान मंत्री की पहली यात्रा होगी?

Ans
✔ 1. कुवैत
✘ 2. बहरीन
✘ 3. कतर
✘ 4. ओमान

Q.44 राजू बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार फिर बाएं मुड़ता है,फिर वह 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 5 km उत्तर की ओर
✔ 2. 6 km दक्षिण की ओर
✘ 3. 6 km उत्तर की ओर
✘ 4. 5 km दक्षिण की ओर

www.govtjobsalert.in

Q.45 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा शहरी स्थानीय सरकारी निकाय 1992 के बाद बंद कर दिया गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. नगरपालिका समिति/परिषद
2. अधिसूचित क्षेत्र समिति ✔
3. नगर पंचायत
4. नगर निगम

Q.46 1937 में प्रस्तावित वर्धा बुनियादी शिक्षा योजना से कौन-सा आंदोलन या विचार संबंधित है?

Ans
1. नई तालीम या बुनियादी शिक्षा ✔
2. निःशुल्क उच्च शिक्षा
3. वयस्क साक्षरता मिशन
4. अंग्रेजी के माध्यम से शिक्षा

Q.47 सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। केवल J, Q के बाईं ओर बैठा है। J और I के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। P और K के बीच केवल O बैठा है और P, I का निकटतम पड़ोसी नहीं है। पंक्ति के सबसे दाहिने छोर पर कौन बैठा है?

Ans
1. K
2. L ✔
3. O
4. I

Q.48 66 - 4 x (30 + 3) + 40 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. -29
2. -26 ✔
3. -27
4. -33

Q.49 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GATE' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'TURN' को '3567' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 3
2. 4
3. 2
4. 6 ✔

Q.50 कंप्यूटर सिस्टम के कीबोर्ड पर Alt + Tab दबाने का उद्देश्य क्या होता है?

Ans
1. ओपन एप्लीकेशनों के बीच स्विच करना ✔
2. टास्क मैनेजर ओपन करना
3. सिस्टम शट डाउन करना
4. सभी विंडोस मिनिमाइज करना

Q.51 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

52 ÷ 15 − 189 × 9 + 117 = ?

Ans
1. 684 ✔
2. 672
3. 678
4. 688

www.govtjobsalert.in

Q.52 प्लास्टिक प्रदूषण पर अंतर-सरकारी वार्ता समिति (INC) के पांचवें सत्र (INC-5.2) का दूसरा भाग कब और कहाँ आयोजित होने वाला है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. सितंबर 2025 पेरिस, फ्रांस में
2. अगस्त 2025 जिनेवा, स्विटज़रलैंड में
3. अक्टूबर 2025 ओटावा, कनाडा में
4. जुलाई 2025 नैरोबी, केन्या में

Q.53 3-4 मई 2025 को आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम (Arctic Circle India Forum) भारत के किस शहर में आयोजित किया गया?

Ans
1. चंडीगढ़
2. पटना
3. नई दिल्ली
4. कोलकाता

Q.54 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे के तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। O तल क्रमांक 4 पर रहता है। O और P के बीच वाले तलों पर केवल दो व्यक्ति रहते हैं। O और N के बीच वाले तल पर केवल M रहता है। Y, O के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। तल क्रमांक 2 पर कौन रहता है?

Ans
1. M
2. Z
3. N
4. Y

Q.55 एक आदमी को 12 घंटे में 753 km की दूरी तय करनी है। यदि वह इस दूरी का दो-तिहाई भाग, $\frac{2}{3}$ समय में तय करता है, तो शेष समय में शेष दूरी तय करने के लिए उसकी चाल (km/hr में) कितनी होनी चाहिए?

Ans
1. 31.3
2. 52.25
3. 62.75
4. 41.8

Q.56 पाइप A एक टैंक को 18 मिनट में भर सकता है, जबकि पाइप B संपूर्ण भरे टैंक को 27 मिनट में खाली कर सकता है। शुरू में, पाइप A को खोला जाता है और 6 मिनट के बाद पाइप B को भी खोल दिया जाता है। कितने समय (मिनट में) में शेष टैंक पूरी तरह से भर जाएगा?

Ans
1. 32
2. 36
3. 21
4. 35

Q.57 नींबू, सिरका और दही (yoghurt) जैसे खाद्य पदार्थों में खट्टे स्वाद का मुख्य कारण क्या है?

Ans
1. लवण
2. क्षार
3. अम्ल
4. ऐल्केलॉइड

Q.58 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम ढंग से यह व्यक्त करता है कि RNA में थाइमीन के स्थान पर यूरेसील का उपयोग क्यों किया जाता है?

Ans
1. यूरेसील RNA समबंधन को बढ़ाता है।
2. थाइमीन को राइबोसोम द्वारा पहचाना नहीं जा सकता।
3. यूरेसील का संश्लेषण ऊर्जा की दृष्टि से सस्ता है।
4. थाइमीन अनुलेखन (transcription) को रोकता है।

www.govtjobsalert.in

Q.59 W ने क्रमशः 37 km/hr, 5 km/hr और 8 km/hr की चाल से 370 km, 390 km और 720 km की यात्रा की। km/hr में उनकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans

1. $8\frac{27}{89}$

2. $8\frac{28}{89}$ ✔

3. $9\frac{30}{89}$

4. $9\frac{21}{89}$

Q.60 नीचे संख्याओं के दो सेट दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया के परिणामस्वरूप दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया के परिणामस्वरूप तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे भी प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान सेट का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रिया के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
14 - 15 - 20 - 40 ; 19 - 20 - 25 - 50

Ans

1. 7 - 9 - 18 - 20

2. 5 - 6 - 11 - 22 ✔

3. 8 - 10 - 15 - 30

4. 3 - 4 - 9 - 14

Q.61 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथनः
सभी केकड़ा, टाई हैं।
कुछ टाई, हूव हैं।
कुछ हूव, वेंट हैं।

निष्कर्षः
(I): कुछ वेंट, केकड़ा हैं।
(II): कुछ हूव, केकड़ा हैं।

Ans

1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔

Q.62 सुरेंद्र के पास 102 लीटर तेल A और 224 लीटर तेल B है। वह कई समान कंटेनरों को दो प्रकार के तेल से इस तरह भरता है कि प्रत्येक कंटेनर में केवल एक प्रकार का तेल होता है, और सभी कंटेनर पूरी तरह से भरे होते हैं। सुरेंद्र द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंटेनर का आयतन (लीटर में) कितना हो सकता है, ताकि सुरेंद्र के पास मौजूद दोनों प्रकार के संपूर्ण तेल को इन कंटेनरों में डाला जा सके?

Ans

1. 1

2. 9

3. 8

4. 2 ✔

www.govtjobsalert.in

Q.63 भारतीय अंग्रेजी साहित्य के सबसे प्रसिद्ध कवियों में से एक निसिम एज़ेकील (Nissim Ezekiel) के पहले कार्य संग्रह का शीर्षक क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. द अनफ़िनिश्ड वर्स
2. ए टाइम ऑफ चेंज
3. शैडोज़ एंड ड्रीम्स
4. इकोस ऑफ द सोल

Q.64
एक ठोस बेलन का आयतन 5852 $cm^3$ है और इसकी ऊँचाई 38 cm है। ठोस बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल क्या है? (अपना उत्तर निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)

($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)

Ans
1. 1954 $cm^2$
2. 1969 $cm^2$
3. 1936 $cm^2$
4. 1980 $cm^2$

Q.65 आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 2015-16 और 2019-21 के बीच कितने भारतीयों के बहुआयामी गरीबी से बाहर निकलने का अनुमान है?

Ans
1. 16.5 करोड़
2. 20.5 करोड़
3. 13.5 करोड़
4. 10 करोड़

Q.66 2024 बुकर पुरस्कार प्राप्तकर्ता लेखक और उनके पुरस्कृत उपन्यास के सही युग्म का चयन कीजिए।

Ans
1. सामंथा हार्वे – ऑर्बिटल
2. ऐनी माइकल्स – हेल्ड
3. पर्सीवल एवरेट – जेम्स
4. रचेल कुशनर – क्रिएशन लेक

Q.67 NFHS-5 (2019-21) के अनुसार, भारत में बेहतर स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच वाले घरों का अनुमानित प्रतिशत कितना है?

Ans
1. 70%
2. 85%
3. 55%
4. 65%

Q.68 एक बिस्तर का अंकित मूल्य ₹1,600 है, जो क्रय मूल्य से 25% अधिक है। इसे अंकित मूल्य पर 16% की छूट पर बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 5%
2. 4%
3. 6%
4. 7%

Q.69 मंजीत का वेतन ₹10,000 प्रति माह है। वह ₹6,000 घर के किराए पर और ₹3,000 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी धनराशि उसकी मासिक बचत है। एक साल में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए, यदि उसने जन्मदिन के महीने में, अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी।

Ans
1. 11,000
2. 10,000
3. 12,000
4. 9,000

www.govtjobsalert.in

Q.70 किस भारतीय अंग्रेजी कवि के 1966 में प्रकाशित 'द स्ट्राइडर्स' नामक पहले कविता संग्रह को पोएट्री बुक रेकमेंडेशन प्राप्त हुआ था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. निसीम इज़ेकिल (Nissim Ezekiel)
2. आर पार्थसारथी (R Parthasarathy)
3. डोम मोरेस (Dom Moraes)
4. एके रामानुजन (AK Ramanujan) ✔

Q.71 जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया?

Ans
1. मनीष सिंघल
2. भुवनेश कुमार
3. डॉ. मयंक शर्मा
4. डॉ. वी नारायणन ✔

Q.72 प्रेक्षणों 4, 3, 8, 7, 3, 7, 3, 1, 1, 3, 8, 3, 3, 5 और 3 का बहुलक कितना होगा?

Ans
1. 8
2. 3 ✔
3. 4
4. 7

Q.73 निःशुल्क कानूनी सहायता भारतीय संविधान के किस भाग का हिस्सा है?

Ans
1. मौलिक अधिकार
2. उद्देशिका
3. मौलिक कर्तव्य
4. निर्देशक सिद्धांत ✔

Q.74 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 41 से विभाज्य है?

Ans
1. 7995 ✔
2. 7431
3. 8537
4. 7889

Q.75 2024 में शुरू किए गए डिजिटल कृषि मिशन के तहत, निम्नलिखित में से कौन-सी एग्रीस्टैक की मूलभूत रजिस्ट्री हैं?

1. किसानों की रजिस्ट्री (Farmers' Registry)
2. ग्राम पंचायत ऑडिट डेटाबेस (Village Panchayat Audit Database)
3. क्रॉप सोन रजिस्ट्री (Crop Sown Registry)

Ans
1. केवल 1 और 3 ✔
2. केवल 2 और 3
3. 1, 2, और 3 सभी
4. केवल 1

Q.76 आशीष के पास ₹1,218 हैं। वह इसे अपने पुत्र अरुण और महेश में बांटता है और उन्हें इसे 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह पाया गया कि अरुण और महेश को क्रमशः 11 और 12 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। आशीष ने महेश को कितनी राशि (₹ में) दी?

Ans
1. 580 ✔
2. 638
3. 738
4. 430

www.govtjobsalert.in

Q.77 नवंबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसे भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. डॉ. वी नारायणन
- ✗ 2. महेश कुमार अग्रवाल
- ✗ 3. तुहिन कांत पांडे
- ✓ 4. के संजय मूर्ति

Q.78 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 910 316 525 204 303 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 10
- ✓ 2. 9
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 12

Q.79 संख्या 8569142 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
- ✗ 1. दो
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. चार
- ✓ 4. एक

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

LJQ NLS PNU RPW ?

Ans
- ✗ 1. TRZ
- ✓ 2. TRY
- ✗ 3. TSY
- ✗ 4. TSZ

Q.81 एमएस वर्ड 365 में माउस (बाएं क्लिक) से टेक्स्ट ड्रैग करने और Ctrl + टेक्स्ट ड्रैग करने के बीच क्या अंतर है?

Ans
- ✗ 1. Ctrl + ड्रैग करने से फ़ॉन्ट स्टाइल चेंज हो जाता है।
- ✗ 2. दोनों क्रियाएं टेक्स्ट मूव करती हैं।
- ✓ 3. ड्रैग करने से टेक्स्ट मूव होता है; Ctrl + ड्रैग करने कॉपी बनती है।
- ✗ 4. ड्रैग करने से टेक्स्ट डिलीट हो जाता है; Ctrl + ड्रैग करने से वह पेस्ट हो जाता है।

Q.82 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BLUE' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'LOAD' को '3567' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 3
- ✗ 3. 8
- ✓ 4. 6

www.govtjobsalert.in

Q.83 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

www.govtjobsalert.in

ZIL : ARO
GRZ : TIA

Ans
- ✔ 1. XMS : CNH
- ✗ 2. JPE : QJT
- ✗ 3. LOT : OKG
- ✗ 4. MAP : NZJ

Q.84 एक पिता और उसके पुत्र की वर्तमान आयु का योग, पुत्र की वर्तमान आयु के 4 गुने से 18 वर्ष अधिक है। 5 वर्ष बाद, पिता की आयु का 4 गुना पुत्र की आयु के 14 गुने से 8 वर्ष कम होगा। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु के बीच अंतर (वर्ष में) कितना है?

Ans
- ✗ 1. 53
- ✗ 2. 49
- ✗ 3. 45
- ✔ 4. 48

Q.85 यदि 'A' का अर्थ '×' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '+' है, और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 9 होगा?

Ans
- ✗ 1. 8 B 3 A 10 C 2 D 5
- ✗ 2. 8 A 3 C 10 B 2 D 5
- ✗ 3. 8 C 3 B 10 A 2 D 5
- ✔ 4. 8 B 3 C 10 A 2 D 5

Q.86 $(5x - 2y)^2 + (2x + 5y)^2 + (5x + 2y)(5x - 2y)$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $55x^2 - 25y^2$
- ✗ 2. $-54x^2 - 25y^2$
- ✗ 3. $-55x^2 + 25y^2$
- ✔ 4. $54x^2 + 25y^2$

Q.87 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, दिल्ली का वर्तमान मुख्यमंत्री कौन है, और 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में वह किस निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे/चुनी गयी थीं?

Ans
- ✗ 1. अरविंद केजरीवाल, नई दिल्ली से
- ✗ 2. रेखा गुप्ता, राजिंदर नगर से
- ✗ 3. आतिशी मार्लेना, कालकाजी से
- ✔ 4. रेखा गुप्ता, शालीमार बाग से

Q.88 वह अवधि (वर्षों में) ज्ञात कीजिए जिसमें ₹1,200 की धनराशि, 20% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से ₹2,220 हो जाएगी।

Ans
- ✗ 1. 6.25
- ✔ 2. 4.25
- ✗ 3. 3.25
- ✗ 4. 5.25

Q.89 0.06 और 6 के बीच माध्यानुपाती _____ है।

Ans
- ✗ 1. 60
- ✗ 2. 6
- ✗ 3. 0.06
- ✔ 4. 0.6

www.govtjobsalert.in

www.govtjobsalert.in

Q.90 तनवीर बिंदु B से ड्राइव करना आरंभ करता है और पश्चिम की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है और फिर वह बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु B पर पुन: पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)?

Ans ✗ 1. 5 km दक्षिण
✓ 2. 7 km दक्षिण
✗ 3. 4 km दक्षिण
✗ 4. 6 km दक्षिण

Q.91 दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
139 136 131 124 115 ? 91

Ans ✗ 1. 106
✓ 2. 104
✗ 3. 101
✗ 4. 109

Q.92 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

801 800 797 792 785 ?

Ans ✓ 1. 776
✗ 2. 773
✗ 3. 774
✗ 4. 775

Q.93 एक निश्चित कूट भाषा में, 'BRAVE' को '29317' और 'VIBER' को '38792' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कोड भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans ✗ 1. 2
✗ 2. 7
✓ 3. 1
✗ 4. 9

Q.94 एक विक्रेता ने ₹1 में 6 नींबू खरीदे। 100% लाभ कमाने के लिए उसे ₹1 में कितने नींबू बेचने होंगे?

Ans ✗ 1. 5
✗ 2. 4
✗ 3. 7
✓ 4. 3

Q.95 निवेश को सुविधाजनक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और भारत को विनिर्माण, डिजाइन और नवाचार का केंद्र बनाने के लिए 25 सितंबर 2014 को कौन-सी पहल शुरू की गई?

Ans ✗ 1. स्टार्ट अप इंडिया पहल (Start Up India initiative)
✗ 2. औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (Industrial Corridor Development Programme)
✗ 3. स्टैंड अप इंडिया पहल (Stand Up India Initiative)
✓ 4. मेक इन इंडिया पहल (Make in India initiative)

Q.96 किसी आंकड़ा समुच्चय का बहुलक और माध्यिका क्रमशः 89.7 और 32 है। आंकड़ा समुच्चय का माध्य क्या है? (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करें।)

Ans ✗ 1. 11.26
✗ 2. 2.6
✗ 3. 5.9
✓ 4. 3.15

www.govtjobsalert.in

Q.97 चना और मटर के बाजार मूल्य का अनुपात 2 : 5 है, और एक परिवार द्वारा उपभोग की गई मात्रा का अनुपात 4 : 3 है। चना और मटर पर किए गए व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 9 : 16
2. 3 : 4
3. 17 : 10
4. 8 : 15 ✓

Q.98 निम्नलिखित में से कौन-सी जीविका खेती (subsistence farming) की विशेषता नहीं है?

Ans
1. पारंपरिक बीज किस्में
2. मैनुअल कृषि पद्धतियाँ
3. पारिवारिक श्रम का उपयोग
4. उच्च-स्तरीय मशीनरी का उपयोग ✓

Q.99 गुप्तोत्तर काल (post-Gupta period) में अग्रहार भूमि का प्रशासन कौन करता था?

Ans
1. ग्राम सभा
2. सामंत
3. ब्राह्मण ✓
4. भिक्षु

Q.100 एक आयत की लंबाई 5 m बढ़ा दी जाए और चौड़ाई 7 m घटा दी जाए, तो इसका क्षेत्रफल 8 $m^2$ बढ़ जाता है। यदि लंबाई 5 m घटा दी जाए और चौड़ाई 8 m बढ़ा दी जाए, तो इसका क्षेत्रफल 33 $m^2$ बढ़ जाता है। मूल आयत का परिमाप (m में) कितना होगा?

Ans
1. 575
2. 573
3. 574 ✓
4. 576

www.govtjobsalert.in